Seventeenth Loksabha

>

Title: Demand to release the due share under IGST fund to state Government of Telangana.

श्री नामा नागेश्वर राव (खम्माम): सर, आईजीएसटी एक्ट के अनुसार स्टेट को डिस्ट्रीब्यूशन में जो डिवॉल्यूशन हुआ, उसकी वजह से कम्पनसेट करना चाहिए । हमारा तेलंगाना नया स्टेट है । तेलंगाना स्टेट के लिए अभी 4,531 करोड़ रुपये आईजीएसटी रिलीज करना है और टैक्स डिवॉल्यूशन का 224 करोड़ रुपये रिलीज करना है । इसके लिए हम लोगों ने मिनिस्टर को लैटर लिखा है । हमारे चीफ मिनिस्टर ने प्राइम मिनिस्टर साहब को भी लैटर लिखा है । हम लोग भी पूरा फॉलो-अप कर रहे हैं । मगर अभी तक यह रिलीज नहीं हुआ है । इसके साथ-साथ अंडर री-ऑर्गेनाइजेशन एक्ट के अनुसार हम लोगों को बेकवर्ड डेवलपमेंट के लिए 450 करोड़ रुपये रिलीज करने हैं, वह भी रिलीज नहीं किया है । उसी के अनुसार फाइनेंस कमीशन की ग्रांट, लोकल रूरल डेवलपमेंट के लिए 312 करोड़ रुपये रिलीज करने हैं, वह भी रिलीज नहीं किया है । एफसी ग्रांट का यूएलबीज़ के लिए 393 करोड़ रुपये रिलीज करने हैं, वह भी रिलीज नहीं किया है । नीति आयोग ने हमारे मिशन भागीरथ के लिए 19,205 करोड़ रुपये रिकमंड किए हैं, वह भी रिलीज नहीं किया है । नीति आयोग ने मिशन काकतीय के लिए 5,000 करोड़ रुपये रिकमंड किए हैं, वह भी रिलीज नहीं किया है । कुल मिलाकर 29,891 करोड़ रुपये हमारे तेलंगाना राज्य को देने हैं, वह अभी तक नहीं दिए हैं । मैं आपके माध्यम से आईजीएसटी को तुरंत रिलीज करने के लिए बोल रहा हूँ । अभी हाउस में हर एक मिनिस्टर ने सब स्टेट गवर्नमेंट्स और सेंट्रल गवर्नमेंट मिलकर काम करने के लिए वायदा किया है, मगर स्टेट गवर्नमेंट को जो न्यायपूर्ण पैसा मिलना चाहिए था, वह पैसा रिलीज नहीं करने की वजह से पूरी स्टेट सफर हो रही है । अगर स्टेट और सेंट्रल गवर्नमेंट दोनों मिल कर डेवपलमेंट करें तभी कंट्री का डेवलपमेंट होगा । यह पैसा रिलीज नहीं होने की वजह से स्टेट डेवलप नहीं हो पा रही है ।

सर, आपके माध्यम से फाइनेंस मिनिस्टर को इधर रिप्लाई देना चाहिए । यह एक स्टेट का मामला नहीं है । सभी स्टेट्स का जो इश्यू है, इसके लिए फाइनेंस मिनिस्टर को रिप्लाई देना चाहिए । पूरी कंट्री का डेवलपमेंट ठप हो गया है । इसका वन ऑफ द रीज़न है कि स्टेट के शेयर को रिलीज नहीं करना है । स्टेट गवर्नमेंट जमा करके सेंट्रल गवर्नमेंट को देती है, हमारे शेयर को रिलीज नहीं करने की वजह से यह सब प्रॉब्लम हो रही है । हमारे तेलंगाना स्टेट के आईजीएसटी के 4,531 करोड़ रुपये तुरंत रिलीज करें । हमारा नया स्टेट है, 6 साल पुराना स्टेट है । उन लोगों को नए स्टेट को सपोर्ट करना चाहिए, वह सपोर्ट बिल्कुल नहीं मिल रहा है । टोटल ड्यूज 29,891 करोड़ रुपये को तुरंत रिलीज करने के लिए मैं आपके माध्यम से गवर्नमेंट से डिमांड कर रहा हूं ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा, श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन और श्री डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस. को श्री नामा नागेश्वर राव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।